Modicare FOUNDATION

KHWABON KA KARWAAN

A MONTHLY NEWSLETTER

/modicarefoundation.org /officialmodicarefoundation

modicarefoundation

सितंबर 2022

हिफ़ाज़त कार्यक्रम के अंतर्गत डेंटल चेकअप

हिफ़ाज़त हेल्थ क्लीनिक

मोदीकेयर फाउंडेशन द्वारा 2020 में शुरू किए गए सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम हिफ़ाज़त के अंतर्गत ख़्वाबगाह जसोला और नूर नगर में स्थापित क्लीनिक चालू हो गए हैं। एक फुल टाइम नर्स अपना समय दोनों क्लीनिकों में निर्धारित कर रखा है और उनके साथ एक योग्य डॉक्टर भी होते हैं, जो बच्चों के विकास के मानकों पर नज़र रखते हैं। सितंबर में, 659 बच्चों की डॉक्टर द्वारा जाँच की गई और उनके विकास के मानकों पर नज़र रखने के लिए उनके स्वास्थ्य कार्ड भरे गए। नर्स किसी भी आपात स्थिति में बच्चों और कर्मचारियों को प्राथमिक उपचार भी दे रही है।

छात्रों के दंत स्वास्थ्य और स्वच्छता की जाँच के लिए सितंबर माह में डॉक्टर और नर्स के अलावा, नियमित रूप से दांतो के डॉक्टर द्वारा उनके दाँतों की जाँच की गई। अब तक 348 बच्चों के दाँतों की जाँच की जा चुकी है। जरूरत पड़ने पर बच्चों के माता-पिता को भी इसमें शामिल किया जाता है।

रेफरल के लिए नजदीकी क्लीनिकों, अस्पतालों और फार्मेसियों के साथ संबंध स्थापित किए गए हैं।

सामान्य स्वास्थ्य जाँच की तस्वीरें



ख़्वाबगाह स्कूलों में शिक्षक दिवस समारोह

शिक्षक राष्ट्र निर्माता होते हैं और बच्चों/युवाओं के दिमाग को जाग्रत करते हैं। ख़्वाबगाह जसोला व नूर नगर में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। छात्रों ने अपने शिक्षकों द्वारा उनके विकास के लिए की गई कड़ी मेहनत को स्वीकार करते हुए, शानदार प्रदर्शन के माध्यम से अपने शिक्षकों के प्रति अपना प्यार, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की। उनके प्रति सम्मान और प्रशंसा व्यक्त करने के लिए वे अपने पसंदीदा शिक्षकों के रूप में भी तैयार हुए।

शिक्षकों का प्रशिक्षण (टीओटी) – प्राची

एसोसिएशन फॉर डेवलपमेंट के छात्रों के साथ टीओटी आयोजित की गई। इस प्रशिक्षण को आयोजित करने का उद्देश्य कार्यक्रम को अधिक स्थिरता प्रदान करना है और समुदाय के ज़्यादा से ज़्यादा लोगों में सकारात्मक बदलाव लाने व उन तक पहुँच बनाना है। प्रशिक्षण में जीवन कौशल, हमजोली दबाव एवं बुलिंग आदि सत्रों में गहन गतिविधियाँ शामिल की गई थीं, जो प्रतिभागियों की रुचि बढ़ाने में मददगार साबित हुई। प्रतिभागियों को आवश्यक फैसिलिटेशन स्किल्स सिखाई गईं और विभिन्न टूल्स और गतिविधियों का उपयोग करना सिखाया गया। उन्हें प्रशिक्षण सामाग्री भी उपलब्ध कराई गई, जिससे कि वे प्रभावी तरीके से संचार कर सकें। प्रशिक्षण के अंत में प्रतिभागियों द्वारा चुने गए विषयों/मुद्दों पर प्रस्तुतिकरण कराया गया जिसकी कमियों की पहचान करने और उन पर सुधार करने का सुझाव भी समालोचनात्मक तरीक़े से दिया गया जो अत्यंत उपयोगी साबित हुआ।